प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक : 11/05/2026 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री-सात अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच राष्ट्र को सशक्त बनाने में देशवासियों को साझेदार बनने का आह्वान किया है। हैदराबाद में कल एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से सात अपील की। उन्होंने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और कार पूलिंग के जरिए आयातित ईंधन के उपभोग को कम करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने एक वर्ष के लिए विदेशों में शादी कार्यक्रम आयोजित करने या अत्यधिक सोने की खरीदारी को सीमित करने पर दोबारा विचार करने जैसे विदेशी खर्च में कटौती के उपाय तलाशने का आग्रह भी नागरिकों से किया।

श्री मोदी ने वर्क फ्रॉम होम अभ्यास को फिर से लागू करने, नागरिकों से खाने के तेल के उपभोग में कमी करने, किसानों से विदेश से आयातित रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता में कमी करने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री सोमनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ अमृत पर्व के अवसर पर आज पहले ज्योर्तिलिंग-सोमनाथ महादेव मंदिर में विशेष महापूजा की। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के शिखर पर कुंभाभिषेक भी किया। मंदिर के इतिहास में पहली बार मंदिर के शिखर पर 11 तीर्थ स्थलों से लाए गए पवित्र जल से जलाभिषेक किया गया। श्री मोदी ध्वजारोहण समारोह में भी शामिल हुए।

इस बीच, वायुसेना ने एयर शो किया जिसमें सूर्यकिरण एयरोबैटिक्स टीम ने सोमनाथ के ऊपर मनमोहक करतब दिखाए। हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा की गई। इसके बाद श्री मोदी ने विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

सोमनाथ अमृत पर्व, सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है।

कूनो-चीता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर, उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 2 मादा चीतों को खुले जंगल में विमुक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में चीता पुनर्स्थापना का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ में आयामों की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

प्रदेश में वर्तमान में चीतों की संख्या 57 है, जिनमें से 54 कूनो नेशनल पार्क में और 03 गांधी सागर अभ्यारण्य में है।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला हुआ नजर आ रहा है। प्रदेश में सक्रिय दो टर्फ और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन के असर से आज भी जिलों में आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं दूसरी तरफ भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग के कई इलाकों में तेज गर्मी लोगों को परेशान करेगी। मौसम विभाग के अनुसार बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

1- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देशवासियों और समस्त प्रतिभावान वैज्ञानिकों को 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' की शुभकामनाएं दीं हैं।

2- मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कल खंडवा जिले के आवलियां में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

3- बरगी डैम में हुए भीषण क्रूज हादसे की न्यायिक जांच जबलपुर हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज संजय द्विवेदी को सौंपी गई है, जो आगामी तीन महीनों के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेंगे।